PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, मंगलवार, 22 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## एएमयू: निलंबित छात्र यासिर फहद का धरना, छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर हंगामा, प्रॉक्टर टीम से झड़प

एएमयू की अब्दुल्लाह हॉल की छात्राओं के प्रदर्शन को हवा देने के आरोप में निलंबित एमए उर्दू छात्र यासिर फहद छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर डक पॉन्ड पर धरने पर बैठा, इस दौरान प्रॉक्टर प्रो. नवेद खान की टीम से धक्का-मुक्की में कपड़े फट गए। छात्र ने चुनाव तिथि घोषित होने तक धरने की चेतावनी दी। एएमयू की अब्दुल्लाह हॉल की छात्राओं के प्रदर्शन को हवा देने के आरोप में निलंबित किए गए एमए उर्दू प्रथम वर्ष के छात्र यासिर फहद छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर सोमवार शाम 6:30 बजे धरने पर बैठ गए। यासिर ने कहा कि या तो छात्रसंघ चुनाव की तारीख घोषित होगी या मेरी बॉडी उठेगी। इस दौरान छात्र और प्रॉक्टोरियल टीम के बीच जमकर धक्का-मुक्की भी हुई। यासिर ने चुनाव के लिए छात्रों से यूनिवर्सिटी के डक पॉन्ड पर एकत्र होने की अपील की थी। शाम चार बजे छात्र एकत्र होने लगे। हालांकि, सभी एक जगह एकत्र नहीं हो सके क्योंकि डक पॉन्ड सहित अन्य जगहों पर यूनिवर्सिटी के सुरक्षाकर्मी पहले से तैनात हो गए थे। प्रॉक्टर कार्यालय से यूनिवर्सिटी परिसर में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही थी। शाम 4:30 बजे यासिर अपने साथियों के साथ डक पॉन्ड पहुंचे। वह धरने पर बैठने जा रहे थे तभी सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। यहां यासिर की पहले असिस्टेंट प्रॉक्टर डॉ. मोहम्मद नैयर रहमान के साथ फिर प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इसमें यासिर के कपड़े फट गए। इसके बाद यासिर समर्थकों ने करीब सवा घंटे तक हंगामा और प्रदर्शन किया। छात्र ने आरोप लगाया कि यासिर के गुप्तांग पर पैर मारा गया है, जिससे उनकी हालत खराब हो गई। इधर यासिर ये कहते हुए धरने पर बैठ गए कि या तो चुनाव की तारीख घोषित होगी या उनकी बॉडी उठेगी। ये भी बताया कि वह डीएम सहित उच्चाधिकारियों को 19 सितंबर को ही धरने की सूचना दे चुके हैं। 21 सितंबर को दोपहर 2.13 बजे प्रॉक्टर कार्यालय से उनके मोबाइल पर निलंबित होने की सूचना दी जाती है। ऐसा करके दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान बताया कि यासिर निलंबित हैं। परिसर में उनके प्रवेश पर भी पाबंदी है। इसके बावजूद उन्होंने जबरन हंगामा किया और यूनिवर्सिटी का माहौल खराब करने की कोशिश की है।

**उकसाने के आरोप में निलंबन**

एएमयू प्रशासन ने बीते 14 सितंबर को अब्दुल्लाह हॉल की छात्राओं के प्रदर्शन के मामले में उकसाने के आरोप में बलरामपुर जिले के पचपेड़वा निवासी यासिर फहद को निलंबित किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में घुसने पर पाबंदी भी लगाई है। घटना के सातवें दिन ये कार्रवाई की गई है। घटिया भोजन के विरोध में छात्राओं ने वीमेंस कॉलेज के गेट पर धरना दिया था। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं के साथ प्रॉक्टोरियल टीम की धक्का-मुक्की के विरोध में छात्रों ने रात में डक पॉन्ड से बाब-ए-सैयद तक विरोध मार्च निकाला था। इसमें यासिर पर अगुवाई करने का आरोप है।

**छात्राओं को भड़काने का भी आरोप**

प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद नवेद खान ने बताया कि छात्र यासिर ने 14 सितंबर को मीडिया से बातचीत और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये अब्दुल्लाह हॉल की छात्राओं के साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। यासिर ने छात्राओं को यूनिवर्सिटी प्रशासन से किसी भी तरह की बातचीत नहीं करने और प्रदर्शन जारी रखने के लिए उकसाया भी था।



**तीन बार संपर्क का दावा, जवाब नहीं देने का आरोप**

प्रॉक्टर ने बताया कि छात्र को अपना पक्ष रखने का अवसर देने के लिए 15, 19 और 20 सितंबर को संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन छात्र की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया।

**दो छात्रों पर नहीं हुई कार्रवाई**

छात्राओं को धरना-प्रदर्शन के लिए उकसाने पर तीन छात्रों पर आरोप लगे थे। इनमें छात्रों और उनके अभिभावकों को पत्र भेजे गए थे। दोनों छात्रों ने प्रॉक्टर के समक्ष अपनी बात रखी। इसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। यासीन ने कहा कि उन पर दबाव बनाने के लिए उन्हें निलंबित किया गया है।

## Aligarh News: महिला को सुनसान जगह ले जाकर किया दुष्कर्म

बेलोन वाली देवी के दर्शन कर रविवार देर रात मायके लौट रही महिला के साथ ऑटो चालक ने महुआ खेड़ा क्षेत्र के 12 बीघा इलाके में सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने चंद घंटे के भीतर आरोपी अजय उर्फ बाबा को गिरफ्तार कर लिया और उसके ऑटो को भी बरामद कर लिया। आरोप है कि इस दौरान ऑटो चालक का साथी कृष्णा भी मौके पर मौजूद रहा और निगरानी करता रहा। एसपी सिटी आदित्य बंसल ने बताया कि महिला की ससुराल जिले के देहात क्षेत्र में है। वह बेलोन वाली देवी के दर्शन गई थी। वापस आने में रात अधिक हो जाने पर वह अपने मायके लौट रही थी। इस दौरान उसने घर जाने के लिए ऑटो लिया। आरोप है कि ऑटो चालक उसे उसके बताए स्थान पर ले जाने के बजाय थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के 12 बीघा इलाके में एकांत स्थान पर ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने पीड़िता के बताए अनुसार सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो की पहचान की और आरोपी अजय उर्फ बाबा निवासी नगला डालचंद गली नंबर 11 को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपी कृष्णा की तलाश के साथ उसकी भूमिका की भी पुलिस जांच कर रही है।



**पहले से दर्ज हैं पांच मुकदमे**

प्रभारी निरीक्षक संजीव सिंह के अनुसार आरोपी अजय उर्फ बाबा के खिलाफ पहले से ही पांच मुकदमे दर्ज हैं। इनमें महुआ खेड़ा थाने में आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट, दुष्कर्म से संबंधित एक पूर्व मुकदमा, अतरौली और क्वार्सी थाने में मुकदमा शामिल है।

## Aligarh News: रंगीन रोशनी से निखरा बारहद्वारी घंटाघर

शहर की ऐतिहासिक पहचान बारहद्वारी घंटाघर अब रात में रंगीन रोशनी से जगमगाता दिखाई देगा। नगर निगम ने इसका सुंदरीकरण कर आधुनिक फसाड लाइटें लगाई हैं। सोमवार को इसका लोकार्पण किया गया। यह घंटाघर करीब 100 साल पुरानी ऐतिहासिक धरोहर है। नगर निगम ने इसकी पहचान बनाए रखते हुए आकर्षक स्वरूप दिया है। रात में रंग-बिरंगी रोशनी से घंटाघर पहले से अधिक भव्य दिख रहा है। इस पर आधुनिक आर्किटेक्चरल एलईडी लाइटिंग सिस्टम लगाया गया है। लाइटिंग को प्रभावी बनाने के लिए नियंत्रक सहित अन्य नियंत्रण उपकरण भी लगाए गए हैं। परियोजना में दो वर्ष की संचालन और रखरखाव अवधि निर्धारित है। घंटाघर के सुंदरीकरण और प्रकाश व्यवस्था पर करीब 14.18 लाख रुपये खर्च हुए हैं। महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि पुरातत्व विभाग की मदद से घंटाघर का तकनीकी परीक्षण कराया जाएगा। नई प्रकाश व्यवस्था से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और ऐतिहासिक विरासत का आकर्षक दृश्य मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, महापौर प्रशांत सिंघल, नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा, पूर्व महापौर शकुंतला भारती, पार्षदों और व्यापारियों की मौजूदगी में बटन दबाकर लोकार्पण किया गया।



## Aligarh News: गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी आना...



गणेश पूजा महोत्सव के तहत अब शहर में प्रतिमाओं का विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस दौरान गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी आना की गूंज सुनाई दे रही है। प्राचीन सिद्धपीठ श्री गणेश मंदिर एवं श्री सिद्ध विनायक व माता महालक्ष्मी मंदिर में महंत विनय नाथ के नेतृत्व में चल रहे गणेश जन्मोत्सव के नौवें दिन रुद्राभिषेक किया गया। दोपहर में हरिनाम संकीर्तन हुआ। श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति की ओर से श्री वार्ष्णेय मंदिर में फूल बंगले के मध्य गणेशजी को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद हरिद्वार की गंगा आरती की तर्ज पर गजानन की महाआरती हुई। भजन गायक ओम सागर ने भजनों की प्रस्तुति दी। सेंटर प्वाइंट स्थित टीकाराम मंदिर में श्री गणेश संस्कार सामाजिक संस्था के श्री गणेश महोत्सव का आठवें दिन शिव विवाह महोत्सव के साथ समापन हुआ। सुदामापुरी बिजलीघर स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर में शाम चार बजे बप्पा की प्रसादी का आयोजन हुआ। पंडित अमित कुमार भारद्वाज, काकू, केशव मंगलेश्वर आदि थे।

## Aligarh News: रासलीला के बाद धनुष भंग लीला हुई

खेरेश्वर मंदिर में आयोजित देव छठ मेले में सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला और उसके बाद प्रभु श्री राम की धनुष भंग लीला का मंचन किया गया। शाम सात बजे श्रीकृष्ण लीला रासलीला का आयोजन आदर्श श्री गिरिराज कृष्ण प्रेम संस्थान मथुरा के कलाकारों ने किया। सबसे पहले मयूर नृत्य और इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूपों ने रास नृत्य किया। इसका शुभारंभ बिहारी जी सराफ ने किया। रात नौ बजे धनुष भंग लीला हुई, जिसमें दिखाया गया कि भगवान श्री राम और लक्ष्मण के स्वरूप जनकपुरी में भ्रमण करते समय पुष्प वाटिका में सीता जी को पहली बार देखते हैं। इसके बाद रावण-वाणासुर और राजा जनक-लक्ष्मण संवाद होता है। प्रभु श्री राम धनुष का खंडन करते हैं। माता सीता भगवान श्री राम के गले में वरमाला डाल देती हैं। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण संवाद होता है। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष गेहराज सिंह, महामंत्री ऋषि ओम शर्मा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मौजूद रहे।



दोपहर में अलग-अलग संस्थाओं के बच्चों ने एक शाम-देश के नाम कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विश्वजीत तोमर मेला प्रभारी, संजय शर्मा मेला संयोजक, मुख्य महंत प्रहलाद गिरी मौजूद रहे।

## Aligarh News: दो अक्तूबर को आएंगे संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख एवं वरिष्ठ प्रचारक रामलाल दो अक्तूबर को अलीगढ़ आएंगे। वह मथुरा रोड सिंघारपुर स्थित केशव सेवा धाम के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रामलाल 1980 के दशक में अलीगढ़ के जिला प्रचारक रहे हैं। इस दौरान उन्होंने शहर में संगठन के विस्तार के लिए काम किया। इसके बाद वह बृज प्रांत के प्रांत प्रचारक और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रहे। रामलाल भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने देशभर में संगठनात्मक गतिविधियों और जनसंपर्क को गति देने में भूमिका निभाई। वर्तमान में वह आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख हैं। केशव सेवा धाम में पूर्वोत्तर राज्यों के बच्चों के लिए छात्रावास संचालित होता है। यहां बच्चों को निशुल्क शिक्षा और आवास की सुविधा दी जाती है। शहर के प्रबुद्धजन इन बच्चों के पालक बनकर उनकी देखरेख में सहयोग करते हैं। केशव सेवा धाम समिति ने दो अक्तूबर को वार्षिकोत्सव आयोजित करने की तिथि तय की है। समिति के कार्यकर्ता कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गए हैं। देशभर में इस तरह के 100 से अधिक छात्रावास संचालित होने की जानकारी दी गई है।



## Aligarh News: वार्ष्णेय प्रीमियर लीग में गुप्ता रॉयल्स की जीत

धर्म समाज महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर चल रही वार्ष्णेय प्रीमियर लीग -3 क्रिकेट लीग में गुप्ता रॉयल्स ने किलसन धुरंधर को 11 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुप्ता रॉयल्स ने निर्धारित 12 ओवर में शानदार 122 रन बनाए। राहुल वार्ष्णेय ने महज 35 गेंदों में 62 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किलसन टीम निर्धारित 12 ओवर में छह विकेट खोकर 111 रन ही बना सकी। गुप्ता रॉयल्स ने मुकाबला 11 रन से अपने नाम कर लिया। इस दौरान चेयरमैन नितिन घुट्टी, संस्थापक विष्णु भैया, सलाहकार भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, आकाश दीप वार्ष्णेय, अध्यक्ष धनंजय वार्ष्णेय, महामंत्री रोहित पीतल, कोषाध्यक्ष गौरांग वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: चार जून से 21 सितंबर तक ऐसे खुली पूरी परत; कब सामने आई पहली घटना? तारीख वार सारी कहानी




राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में चोरी का मामला चार जून को गणना कक्ष के शौचालय में नकदी छिपाए जाने की घटना सामने आने के बाद शुरू हुआ। जून में मामला सार्वजनिक होने के बाद आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई।

पहली एसआईटी ने जांच की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप पर एसआईटी का पुनर्गठन किया गया। अब 21 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में चढ़ावा चोरी की 105 घटनाएं सामने आई हैं और जांच पूरी हो चुकी है।

इन 105 घटनाओं में प्रत्येक में कितनी रकम या सामान चोरी हुआ और किस आरोपी की किस घटना में क्या भूमिका थी, इसका पूरा विवरण अब चार्जशीट में सामने आना बाकी है।

चार जून : गणना कक्ष में नकदी छिपाने का मामला सामने आया
राम मंदिर के चढ़ावे की गणना के दौरान गणना कक्ष के शौचालय में नकदी छिपाए जाने की घटना सामने आई। यही घटना आगे चलकर चढ़ावा चोरी की जांच का आधार बनी। बाद की जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और कई संदिग्ध घटनाएं सामने आईं।

सात जून : सपा नेता ने लगाए चोरी के आरोप
सपा नेता पवन पांडेय ने राम मंदिर के दानपात्र और चढ़ावे से करोड़ों रुपये की चोरी का आरोप लगाया। शाम को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर इस मामले को उठाया। उसी दिन राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने स्पष्टीकरण जारी किया।

## यूपी: जनजाति बहुल बघाड़ू में 23 साल में 110% बढ़े मुस्लिम वोटर, पनौरा में 33% की वृद्धि; बदलाव के पीछे ये कारण

यूपी के सोनभद्र जिले में जनजाति बहुल बघाड़ू में 110 फीसदी मुस्लिम वोटर बढ़ गए हैं। पनौरा में 33 फीसदी की वृद्धि हुई है। दोनों ग्राम पंचायतों में हिंदू वोटरों के मुकाबले मुस्लिम मतदाताओं में चार गुना से अधिक तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बघाड़ू में हिंदू वोटर 29 तो मुस्लिम मतदाताओं में 110 फीसदी बढ़े हैं। पनौरा में हिंदू वोटरों में आठ तो मुस्लिम मतदाताओं में 32 फीसद की वृद्धि हुई है।




सोनभद्र जिले के दुद्धी तहसील क्षेत्र के बघाड़ू गांव की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) में 23 वर्षों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सामने आए वर्ष 2026 के नए मतदाता आंकड़ों ने स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है।

वर्ष 2003 में 3292 मतदाताओं वाले बघाड़ू गांव में 430 मुस्लिम और 2894 हिंदू (अधिसंख्य आदिवासी) मतदाता थे। वर्ष 2026 की सूची में कुल 4523 मतदाता हो चुके हैं। इनमें मुस्लिम मतदाता 110 प्रतिशत (430 से बढ़कर 902) बढ़ गए हैं, जबकि हिंदू मतदाताओं की वृद्धि सिर्फ 29 प्रतिशत है।कुछ ऐसी ही स्थिति रॉबर्ट्सगंज तहसील क्षेत्र के पनौरा गांव की भी है। जनजाति आबादी की बहुलता वाले इस गांव में मुस्लिम मतदाताओं की वृद्धि का आंकड़ा 32.6 फीसदी है, जबकि हिंदू मतदाता सिर्फ 8.04 फीसदी ही बढ़े हैं।बघाड़ू और पनौरा गांव पिछले दिनों अचानक चर्चा में आए थे। बघाड़ू गांव में जनजातीय समाज की महिलाओं से शादी कर उनकी आदिवासी पहचान के जरिये सस्ते दामों पर आदिवासियों की जमीन खरीदकर बाहर के मुस्लिम परिवारों को बसाने का मामला सामने आया था। वहीं, मांची थाना क्षेत्र के पनौरा में कथित पट्टे-सर्वे की आड़ में रिश्तेदारों, गैर प्रांत के मुसलमानों को लाकर बसाने का खुलासा हुआ था। अब एसआईआर के बाद जारी मतदाता सूची के आंकड़ों ने लोगों को चौंका दिया है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2003 में बघाड़ू में कुल मतदाताओं की संख्या 3292 थी। उसमें 430 मुस्लिम और 2894 हिंदू (अधिसंख्य आदिवासी) मतदाता थे। एसआईआर के बाद वर्ष 2026 में मतदाताओं की संख्या 1231 बढ़कर 4523 पहुंच गई। इनमें मुस्लिम मतदाता 430 से बढ़कर 902 (पिछली बार के मुकाबले 472 यानी 110 प्रतिशत ज्यादा) पर पहुंच गए।

**कई और गांवों की डेमोग्राफी में बदलाव का दावा**

भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने इस बदलाव के पीछे लैंड जेहाद को कारण बताया है। कहा कि वह पिछले साल से इस मसले को लगातार अधिकारियों के सामने उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलकर स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। जिला प्रशासन की तरफ से भी कार्रवाई की जा रही है।इस मामले में उनकी मांग है कि महज 23 वर्षों में जिस तरह से मतदाताओं के अनुपात में आश्चर्यजनक तरीके से बदलाव आया है और बघाड़ू व पनौरा ग्राम पंचायत की डेमोग्राफी (जनसंख्यात्मक स्थिति) बदली है। उसकी जांच कराई और इसके लिए जो भी दोषी हो उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाए।बघाड़ू में अब तक गलत तरीके से जमीन हथियाने के जो भी मामले सामने आए थे उसमें जिला प्रशासन की तरफ से कार्रवाई की जा चुकी है। पनौरा के मामले में कार्रवाई की आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

## एटा में पत्नी और सास की हत्या: आधी रात को पति ने घर में खेला खूनी खेल, बच्चों के सामने दी दोनों को भयानक मौत



एटा के अवागढ़ में घरेलू विवाद के दौरान पत्नी और सास की नुकीली या भारी वस्तु से वार कर हत्या का आरोप है। वारदात के समय घर में दंपति के तीन बच्चे मौजूद थे, जबकि आरोपी घटना के बाद फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।एटा के कस्बा अवागढ़ के यादव नगर मोहल्ले में सोमवार देर रात घरेलू कलह ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सास के चेहरे व आंखों पर नुकीली या भारी वस्तु से ताबड़तोड़ प्रहार कर दोनों की हत्या कर दी। वारदात के समय घर में दंपती के तीन बच्चे भी मौजूद थे। दोहरे हत्याकांड की खबर फैलते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। उच्चाधिकारियों ने भी मौके का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में करीब 35 वर्षीय प्रियंका और उसकी 60 वर्षीय मां कमला देवी शामिल हैं।
पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कई दिनों से पारिवारिक विवाद चल रहा था। बच्चों से पूछताछ में उनके बीच विवाद और मारपीट होने की बात सामने आई है। आरोप है कि सोमवार रात विवाद के दौरान पति ने अपने पिता के साथ मिलकर पत्नी और सास पर हमला कर दिया। दोनों महिलाओं के चेहरे और आंखों पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई।अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्वेताभ पांडेय ने बताया कि बच्चों के बयानों और प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

## जेएनयू के हॉस्टलों के बदतर हालात: छात्र डाइनिंग हॉल में रहने को मजबूर, जर्जर इमारतें और खराब व्यवस्था बनी खतरा




जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र माही-मांडवी और ताप्ती जैसे हॉस्टलों में बदतर हालात में रहने को मजबूर हैं। यहां डाइनिंग हॉल को डॉरमेट्री में बदल दिया गया है, जिससे छात्रों को रहने की पर्याप्त जगह नहीं मिल पा रही है। खुले बिजली के बॉक्स और जर्जर इमारतें छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।इसको लेकर पड़ताल पर आधारित एक रिपोर्ट: माही-मांडवी हॉस्टल में डाइनिंग हॉल को डॉरमेट्री बनाया गया है। यहां फोल्डिंग बेड बिछे हैं और किचन के हिस्से में भी बिस्तर लगे हैं। छात्रों ने मच्छरदानी लगाई है और कपड़े सुखाने के लिए तार बांधे हैं। वाटर कूलर खराब है और रोशनी के लिए ट्यूबलाइट गायब हैं।एक छात्र ने हॉस्टल की व्यवस्था पर हैरानी जताई कहा कि जहां रहने की पर्याप्त जगह नहीं है। कमरों में तीन-तीन छात्र फर्श पर गद्दे बिछाकर रहते हैं। गलियारों में कपड़े सूखते हैं और कूड़ेदान भरे पड़े हैं।
ताप्ती हॉस्टल में खुले बिजली के बॉक्स सुरक्षा के लिए खतरा हैं, और गलियारे में दरवाजे का शीशा टूटा है। कुछ दिन पहले ताप्ती हॉस्टल के एक कमरे में पंखा गिरने की घटना भी सामने आई थी। हॉस्टलों की दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है और लोहे के सरिये दिख रही हैं।

**छात्र संघ की सुरक्षा ऑडिट की मांग**

जेएनयू छात्र संघ ने सभी हॉस्टलों के व्यापक सुरक्षा ऑडिट की मांग की है। छात्र संघ के महासचिव सुनील यादव ने बताया कि छात्रों को हर सेमेस्टर में 1500-1600 रुपये हॉस्टल शुल्क देना पड़ता है। इसके अलावा, मेस का मासिक बिल 3500-4000 रुपये आता है। कुछ कमरों को खतरनाक होने के कारण बंद कर दिया गया है। इस संबंध में, डीन ऑफ स्टूडेंट्स प्रो. सुधीर प्रताप सिंह ने छात्रों को बेहतर सुविधाएं देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने पूरे शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के अधिकारों, सुरक्षा और आवास से जुड़ी समस्याओं के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। डूसू पदाधिकारियों ने कहा कि छात्रों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी समस्याओं को प्रशासन से लेकर सरकार तक उठाया जाएगा। डूसू अध्यक्ष यश डबास ने कहा कि यह दौरा छात्रों के बीच लिए गए संकल्प का हिस्सा है। डूसू मनमाने किराए, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर सक्रिय रहेगा। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि जीत विद्यार्थियों के प्रति जवाबदेही की शुरुआत है। नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने छात्रों के मुद्दों पर सक्रियता दिखाई और संघर्ष का संकल्प लिया। एबीवीपी के नेतृत्व में डूसू पदाधिकारी सत्य निकेतन स्थित सत्य स्क्वायर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने पूरे शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के अधिकारों, सुरक्षा और आवास से जुड़ी समस्याओं के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## दिल्ली में दरिंदगी की तीन वारदातें:

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, 11 और छह साल की बच्चियों से भी की गई हैवानियत




राजधानी दिल्ली में बेटियों से दरिंदगी की तीन वारदातें सामने आई हैं। कालकाजी मंदिर के पास एक 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। उधर, सदर बाजार इलाके में एक 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न हुआ। वहीं, किशनगंज इलाके में 6 साल की बच्ची का यौन शोषण का मामला सामने आया है।दिल्ली में नाबालिग बच्चियों और किशोरी के खिलाफ यौन अपराध की तीन अलग-अलग घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कालकाजी मंदिर के पास 17 वर्षीय किशोरी के साथ तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है। वहीं, सदर बाजार में 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा को दुकान में बुलाकर बंधक बनाने और यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इसके अलावा किशनगंज इलाके में छह वर्षीय बच्ची के यौन शोषण के आरोप में स्थानीय लोगों ने एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। तीनों मामलों में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कालकाजी मंदिर के पास 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म**

कालकाजी मंदिर के पास सोमवार रात एक 17 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक किशोरी अपने नाबालिग मित्र के साथ शाम को कालकाजी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंची थी। दर्शन के बाद दोनों बाहर निकले और टहलते हुए मंदिर के पीछे वाले इलाके में चले गए। शाम करीब 7.30 बजे तीन लोग पहुंचे। पहले तो तीनों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर दोनों के धमकाया। इसके बाद तीनों आरोपियों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**छठी कक्षा की छात्रा को बंधकर बनाकर किया यौन उत्पीड़न**

सदर बाजार इलाके में 16 सितंबर की रात एक 11 वर्षीय छठी कक्षा की छात्रा का यौन उत्पीड़न हुआ। पुलिस ने आरोपी 56 वर्षीय दर्जी मकसूद को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने छात्रा को बहला-फुसलाकर अपनी दुकान में बुलाया। वहां उसे बंधक बनाकर हाथ-पैर बांधकर यौन उत्पीड़न किया। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त निहारिका भट्ट ने बताया कि पीसीआर को सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि छात्रा रात करीब 11 बजे स्टेशनरी खरीदने निकली थी। पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और बंधक बनाने की धाराओं में मामला दर्ज हुआ। आरोपी मकसूद को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# म्यांमार ट्रेनिंग केस: यूएस नागरिक वैन डाइक ने भरा ₹5.5 लाख का जुर्माना, अमेरिका जाने की मांगी इजाजत



अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक ने इमिग्रेशन और फॉरेनर्स एक्ट से जुड़े आरोपों के निपटारे के लिए ₹5.5 लाख की कंपाउंडिंग राशि जमा की है। दिल्ली की विशेष एनआईए अदालत में उनकी जमानत, अमेरिका जाने और बॉन्ड से जुड़ी अर्जियों पर आज सुनवाई होनी है। म्यांमार में सशस्त्र समूहों को ड्रोन व हथियारों का प्रशिक्षण देने के आरोपी अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैन डाइक ने आव्रजन और विदेशी नागरिक अधिनियम (फॉरेनर्स एक्ट) के तहत लगे आरोपों के निपटारे के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) में 5.5 लाख रुपये का कंपाउंडिंग शुल्क जमा कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, वैन डाइक की कानूनी टीम, जिसका प्रतिनिधित्व वकील रोहित डंडरियाल और रोहित गौर कर रहे हैं, अगले एक या दो दिनों में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष उन्हें आरोपमुक्त (डिस्चार्ज) करने की याचिका दायर करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तय समय सीमा के भीतर यूएपीए की धाराओं के बिना चार्जशीट दाखिल की थी, जिसके बाद वैन डाइक को अदालत से 'डिफॉल्ट जमानत' मिल गई थी। जुर्माना भरने के बाद अब उसकी कानूनी टीम मामला खत्म कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। बता दें कि एनआईए ने मार्च 2026 में सात विदेशी नागरिकों (1 अमेरिकी और 6 यूक्रेनी) को म्यांमार के विद्रोही गुटों को प्रशिक्षण देने और बिना परमिट मिजोरम सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

वहीं इस बीच अमेरिकी नागरिक मैथ्यू एरॉन वैनडाइक ने अपने परिवार से मिलने के लिए अमेरिका जाने की इजाजत मांगने वाली एक अर्जी दाखिल की है। एक अन्य अर्जी में श्योरिटी बॉन्ड के बदले कैश बॉन्ड जमा करने की इजाजत मांगी गई है।

अदालत को एफआरआरओ (FRRO) की तरफ से सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसमें आव्रजन और विदेशी नागरिक अधिनियम (इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट) के तहत दर्ज अपराधों का निपटारा (कंपाउंडिंग) कर दिया गया है। अदालत इन सभी अर्जियों पर दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगी। बता दें कि कोर्ट ने वैनडाइक को पहले ही जमानत दे दी है, जिसके लिए उन्हें एक लाख रुपये का बेल बॉन्ड और उतनी ही रकम का एक श्योरिटी बॉन्ड जमा करने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में 6 यूक्रेनी नागरिक भी हिरासत में हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने यूएपीए की धाराओं को शामिल किए बिना ही चार्जशीट दाखिल की है। एजेंसी ने केवल आव्रजन और विदेशी नागरिक अधिनियम की धाराएं ही लगाई हैं।

# बड़ा बदलाव: 40 साल बाद एसएफआई के गढ़ में एबीवीपी का कब्जा, केरल के त्रिपुनिथुरा कॉलेज की सभी सीटें जीतीं

केरल के त्रिपुनिथुरा कॉलेज में एबीवीपी ने छात्रसंघ चुनाव में सभी प्रमुख सीटों पर जीत दर्ज की। इसके साथ ही कॉलेज में करीब 40 साल से चले आ रहे एसएफआई के दबदबे का अंत हो गया। एबीवीपी ने इस जीत को छात्रहित और संगठन के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। भाजपा की वैचारिक जनक संस्था आरएसएस की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने त्रिपुनिथुरा सरकारी संस्कृत कॉलेज के संघ पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से नियंत्रण हासिल कर लिया है। एबीवीपी ने कॉलेज संघ चुनावों में सभी सीटें जीतकर यह उपलब्धि दर्ज की है। इस परिणाम के साथ केरल में एसएफआई के गढ़ माने जाने वाले इस कॉलेज में वर्षों से चले आ रहे एसएफआई का दबदबा खत्म हो गया है।

**चार दशकों के दबदबा का किया अंत**

एसएफआई कई वर्षों से कॉलेज यूनियन का संचालन कर रही थी, लेकिन इस बार एबीवीपी ने चुनाव में शानदार जीत हासिल करते हुए सभी छह प्रमुख पदों पर कब्जा कर लिया। यह जीत क्षेत्र में एक और राजनीतिक बदलाव के तुरंत बाद आई है। हाल ही में भाजपा ने त्रिपुनिथुरा नगरपालिका का कार्यभार संभाला है, जिससे स्थानीय निकाय में 45 वर्षों के वामपंथी शासन का अंत हुआ है। एबीवीपी ने अब कैंपस में भी इसी तरह की सफलता हासिल की है। एक ऐसे कॉलेज में जो चार दशकों से अधिक समय तक वामपंथी नियंत्रण में रहा था।

**एबीवीपी ने एसएफआई पर क्या आरोप लगाए?**

एबीवीपी ने इस नतीजे को एसएफआई की छात्र-विरोधी नीतियों को नकारने जैसा बताया। संगठन के एक प्रतिनिधि ने कहा कि इस कॉलेज में मिली जीत से केरल के कैंपस में मौजूद एबीवीपी की दूसरी यूनिट्स को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। प्रतिनिधि ने एसएफआई के नेतृत्व वाली पिछली यूनियनों पर संस्कृत को बढ़ावा न देने का आरोप भी लगाया। छात्रों से इकट्ठा किए गए फंड के इस्तेमाल पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि एसएफआई के कार्यकाल के दौरान छात्रों के लिए पर्याप्त कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए।

**किसे मिली कौन सी जिम्मेदारी?**

स्निग्धा एम हरि अध्यक्ष चुनी गईं। वहीं, आदित्य टीए उपाध्यक्ष बने। विग्नेश भट्ट महासचिव, विग्नेश डी पत्रिका संपादक और अंजली टी कला क्लब की सचिव चुनी गईं। निवेद्या केएन ने विश्वविद्यालय संघ पार्षद का पद जीता, जबकि शिवानी आर और अवनी सीबी क्रमशः द्वितीय स्नातक प्रतिनिधि और द्वितीय स्नातकोत्तर प्रतिनिधि चुनी गईं।




**इस जीत के क्या मायने है?**

एबीवीपी के लिए, त्रिपुनिथुरा में उस कॉलेज में शानदार जीत हासिल करना, जहां वर्षों से एसएफआई का दबदबा रहा था। एक बड़ी संगठनात्मक सफलता मानी जा रही है। इस परिणाम से केरल के कैंपस में छात्र समूहों के बीच राजनीतिक स्थान के लिए चल रही व्यापक प्रतिस्पर्धा में एबीवीपी को नई गति भी मिली है।

# तमिलनाडु: सीएम विजय ने 'कामराज नाश्ता योजना' का किया विस्तार, कक्षा 6-8 के छात्रों को भी मिलेगा मुफ्त नाश्ता



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने चेन्नई के तिरुवान्मियूर से पेरुंथलईवर कामराजार मुफ्त नाश्ता योजना के विस्तार की शुरुआत की। अब कक्षा 6 से 8 तक के करीब 15.30 लाख अतिरिक्त छात्रों को मुफ्त नाश्ता मिलेगा। सरकार ने विस्तार के लिए 217.63 करोड़ रुपये अतिरिक्त आवंटित किए हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने तिरुवान्मियूर के गांधी ग्रामम स्थित सरकारी मिडिल स्कूल (ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन मिडिल स्कूल) से 'पेरुंथलईवर कामराजार मुफ्त नाश्ता योजना' के विस्तार की औपचारिक शुरुआत कर दी है। योजना की शुरुआत करने के बाद मुख्यमंत्री विजय ने स्कूल के बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर खुद भी नाश्ता खाया। इस योजना के विस्तार के तहत अब प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 5) से आगे बढ़कर कक्षा 6 से 8 तक के मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों को भी सुबह का मुफ्त भोजन दिया जाएगा।

**15.30 लाख अतिरिक्त छात्रों को मिलेगा फायदा**

इस विस्तार से राज्य भर के 15,454 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के लगभग 15.30 लाख अतिरिक्त छात्र लाभान्वित होंगे। टीवीके सरकार के सत्ता में आने के बाद इस कार्यक्रम का नाम बदलकर कामराज के नाम पर रखा गया था। अब इस नए विस्तार के बाद राज्य के कुल 44,984 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के 34.64 लाख छात्र इस योजना के दायरे में आ जाएंगे। इसके क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने 217.63 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट आवंटित किया है।

**योजना की पृष्ठभूमि**

यह नाश्ता योजना मूल रूप से साल 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सरकारी प्राथमिक स्कूलों के बच्चों के लिए शुरू की थी। इसका मकसद बच्चों में कुपोषण दूर करना, स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाना और ड्रॉपआउट रोकना था। बाद में इसे सहायता प्राप्त स्कूलों में भी लागू किया गया, जिससे इस विस्तार से पहले 37,447 स्कूलों के 19.34 लाख बच्चे लाभ ले रहे थे।

यह विस्तार पहले 17 सितंबर को समाज सुधारक पेरियार ई.वी. रामासामी की जयंती पर शुरू होना था, लेकिन मुख्यमंत्री के निवेश जुटाने के सिलसिले में लंदन में होने के कारण इसे आगे बढ़ाया गया था। राज्य में यह योजना चेंगलपट्टू और तिरुप्पुर जिलों को छोड़कर लागू की गई है, क्योंकि वहां मदुरंतकम और धारापुरम विधानसभा सीटों पर उपचुनाव चल रहे हैं।

**तय हुआ साप्ताहिक मेन्यू**

योजना के लिए निर्धारित मेन्यू के अनुसार छात्रों को सोमवार को उपमा, मंगलवार को खिचड़ी, बुधवार को पोंगल और गुरुवार को फिर से उपमा दिया जाएगा। वहीं, शुक्रवार को एक मीठा व्यंजन परोसा जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस कदम से कमजोर आर्थिक वर्ग के बच्चों के पोषण, उपस्थिति और सीखने की क्षमता में बड़ा सुधार आएगा।

# सेहत से हो रहा खिलवाड़: 220 दवाओं के सैंपल टेस्ट में फेल, कैसे धड़ल्ले से बनाई जा रहीं नकली दवाएं?

अगस्त 2026 की ड्रग टेस्टिंग रिपोर्ट में देशभर के सरकारी लैब में जांचे गए 220 सैंपल तय क्वालिटी मानकों पर खरे नहीं उतरे। दिल्ली से लिया गया एक सैंपल नकली मिला, जिसमें कथित तौर पर दूसरे ब्रांड के नाम का इस्तेमाल हुआ। इस रिपोर्ट के बाद से एक बार फिर क्वालिटी टेस्ट में कई दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। अगस्त 2026 की ड्रग टेस्टिंग रिपोर्ट ने देश में दवाओं की क्वालिटी की निगरानी के मुद्दे को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। केंद्र और राज्य स्तर की सरकारी प्रयोगशालाओं में टेस्ट किए गए कुल 220 ड्रग सैंपल तय क्वालिटी स्टैंडर्ड्स पर खरे नहीं उतरे। वहीं, दिल्ली के नेशनल कैपिटल टेरिटरी से लिया गया एक सैंपल नकली या जाली दवा पाया गया। खास बात यह है कि इस मामले में कथित तौर पर किसी दूसरे ब्रांड के नाम का बिना इजाजत इस्तेमाल किया गया था।

**रिपोर्ट में क्या बताया गया है?**

अगस्त 2026, में, देश में बिकने वाली दवाओं की क्वालिटी की जांच के लिए किए गए रूटीन टेस्ट के दौरान बड़ी संख्या में सैंपल तय मानकों पर खरे नहीं उतरे। सरकारी अलर्ट के मुताबिक, सेंट्रल ड्रग लेबोरेटरीज ने 29 सैंपल को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' (NSQ) पाया। वहीं, स्टेट ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरीज ने 191 सैंपल को एनएसक्यू घोषित किया। इसका मतलब है कि दोनों स्तरों की टेस्टिंग में कुल 220 सैंपल तय मानकों से बाहर पाए गए।

**दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का इस्तेमाल किया**

वहीं, सबसे अहम बात यह है कि दिल्ली से ली गई दवा का एक सैंपल नकली पाया गया है। सरकारी नोट के मुताबिक, यह दवा कथित तौर पर उन अनधिकृत निर्माताओं ने बनाई थी, जिन्होंने किसी दूसरी कंपनी के ब्रांड नाम का इस्तेमाल किया था। मामले की जांच चल रही है और संबंधित कानूनों व नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।




**एनएसक्यू और नकली दवा के बीच अंतर क्या है?**

एनएसक्यू (स्टैंडर्ड क्वालिटी की नहीं): इसका मतलब है कि टेस्ट में दवा की क्वालिटी का पैमाना जरूरी स्टैंडर्ड से कम पाया गया। सीडीएससीओ के अनुसार, किसी सैंपल के एनएसक्यू पाए जाने का मतलब यह नहीं है कि उस ब्रांड की हर दवा या बाजार में मौजूद सभी बैच खराब हैं। टेस्टिंग आम तौर पर उस खास सैंपल और बैच की क्वालिटी पर केंद्रित होती है।

**नकली दवा:** यह मामला नियामक नियमों की एक अधिक गंभीर श्रेणी में आता है। औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 के तहत, किसी अन्य दवा के नाम से निर्मित या किसी अन्य निर्माता के उत्पाद होने का झूठा दावा करने वाली दवा को नकली माना जा सकता है।

# आईआईटी बॉम्बे: 'नकल के पक्ष में नहीं, प्रोफेसर के साथ', छात्रों ने बताया- क्यों कर रहे विरोध, क्या हैं मांगें?

आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की मौत के बाद छात्र प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध नकल या शैक्षणिक कदाचार का समर्थन करने के लिए नहीं था। छात्रों ने संस्थान में व्यवस्थागत सुधार, पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की है। निदेशक के साथ हुई ओपन हाउस चर्चा में इन मांगों पर तय समयसीमा के भीतर कार्रवाई का आश्वासन मिला है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे की मौत के बाद संस्थान के छात्र प्रतिनिधियों ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है। इस बयान में छात्रों ने स्पष्ट किया है कि उनका विरोध किसी भी तरह की नकल या शैक्षणिक कदाचार को सही ठहराने के लिए नहीं था, बल्कि यह संस्थान के भीतर मौजूद व्यवस्थागत समस्याओं को उठाने और जरूरी सुधार लाने का एक सामूहिक प्रयास है।

**साहिल की मौत पर दुख और व्यवस्थागत सुधार की मांग**

छात्र प्रतिनिधियों ने अपने बयान में कहा कि वे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या शैक्षणिक कदाचार का न तो समर्थन करते हैं और न ही इसे स्वीकार करते हैं। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि अपने साथी छात्र साहिल को खोना एक बेहद दुखद घटना है, जिसने उन्हें संस्थान के नियमों और प्रक्रियाओं पर गहराई से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है। छात्रों ने कहा कि उनका विरोध यह सुनिश्चित करने के लिए था कि संस्थान में सार्थक और कड़े व्यवस्थागत सुधार हों, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को ऐसे दुखद हालातों का सामना न करना पड़े। पिछले कुछ दिनों के दौरान छात्रों ने मिलकर अपनी चिंताओं और मांगों की एक व्यापक सूची तैयार की। इन मांगों को औपचारिक रूप से संस्थान के निदेशक के सामने रखा गया। निदेशक ने इन मांगों को स्वीकार करते हुए उन पर हस्ताक्षर किए हैं और तय समय सीमा के भीतर इन्हें लागू करने पर सहमति जताई है।

**निदेशक के साथ ओपन हाउस चर्चा**

छात्रों ने यह भी बताया कि निदेशक और संस्थान प्रशासन के अन्य सदस्यों के साथ एक 'ओपन हाउस' चर्चा आयोजित की गई। इसमें छात्रों को सीधे तौर पर अपनी चिंताओं और सवालों को रखने का मौका मिला। निदेशक ने छात्रों की चिंताओं को विस्तार से सुना और उनके प्रश्नों का खुलकर जवाब दिया। छात्रों ने प्रशासन के इस सकारात्मक कदम की सराहना की।

**प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला को लेकर स्थिति स्पष्ट**

प्रोफेसर सूर्यनारायण दूल्ला के मामले पर छात्र प्रतिनिधियों ने साफ किया कि उनका रुख कभी भी जांच से पहले किसी को दोषी मानने का नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि वे प्रोफेसर दूल्ला के साथ फैकल्टी के सदस्य के रूप में खड़े हैं और चाहते हैं कि जांच पूरी निष्पक्षता से चले।




छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांग सिर्फ इतनी थी कि निष्पक्ष जांच पूरी होने तक प्रोफेसर दूल्ला को प्रशासनिक मामलों के डीन (डीन ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफेयर्स) के पद की जिम्मेदारियों से मुक्त रखा जाए। यह मांग केवल एहतियाती कदम के रूप में की गई थी, ताकि जांच पूरी तरह स्वतंत्र रह सके और उस पर कोई प्रभाव न पड़े। जांच पूरी होने के बाद ही उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

**बाहरी दखल से दूर रहने की अपील**

छात्रों ने जोर देकर कहा कि इस चिंता का नेतृत्व छात्रों के हाथ में ही होना चाहिए और इनका समाधान संस्थान के भीतर ही निकाला जाना चाहिए। साहिल की मौत को किसी बाहरी राजनीतिक हित, संगठन या नैरेटिव को आगे बढ़ाने का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। छात्रों ने एकजुटता जताते हुए कहा कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्थक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक सुरक्षित व सहयोगी कैंपस बनाने के लिए संस्थान के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। अंत में उन्होंने दोहराया कि आईआईटी बॉम्बे के छात्र मजबूत और एकजुट हैं।

## कामकाजी दुनिया में महिलाओं की धमक: फ्रंटलाइन नौकरियों में 43.5% हिस्सेदारी, मांग और अवसरों के बीच बड़ा अंतर



कामकाजी दुनिया में महिलाओं की धमक बढ़ रही है। फ्रंटलाइन नौकरियों में 43.5% हिस्सेदारी इसी का सबूत है। हालांकि, वर्क इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक मांग और अवसरों के बीच बड़ा अंतर भी सामने आया है।देश की फ्रंटलाइन नौकरियों के लिए आवेदन करने वालों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 43.5 फीसदी हो गई है, लेकिन सिर्फ 13 फीसदी नौकरी विज्ञापनों में महिलाओं को लक्षित किया गया। वर्क इंडिया रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक, इससे महिलाओं की बढ़ती रोजगार रुचि और नियोक्ताओं की ओर से उन्हें अवसर देने के बीच अंतर सामने आता है।रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महिलाओं की हिस्सेदारी 40.4 फीसदी थी। अप्रैल से जून 2026 के बीच 772 शहरों में 6.5 लाख से अधिक नौकरी विज्ञापनों और 98 लाख से ज्यादा आवेदनों के विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें 50 से अधिक फ्रंटलाइन नौकरी श्रेणियां शामिल हैं।65 फीसदी वृद्धि...

जून और जुलाई 2026 में नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 65% वृद्धि हुई, जबकि नौकरी के विज्ञापनों की संख्या 40 से 48 फीसदी बढ़ी। आईटी, एचआर, अकाउंट्स, बिक्री और कार्यालय संबंधी नौकरियों में प्रतिस्पर्धा अधिक रही।

**ब्यूटीशियन और शिक्षण में सबसे ज्यादा आवेदन**

महिलाओं की हिस्सेदारी ब्यूटीशियन की नौकरियों के लिए 86.6 फीसदी और शिक्षण पदों के लिए 80.7 फीसदी रही। वहीं बिक्री, कार्यालय, मार्केटिंग और ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में भी महिलाएं तेजी से आवेदन कर रही हैं। बिक्री क्षेत्र में सबसे ज्यादा 56 लाख से अधिक आवेदन मिले।



## रसोई का बजट बिगड़ा: एक हफ्ते में तेल-दाल व प्याज में बेतहाशा तेजी; कमजोर मानसून, सप्लाई चेन में बाधा चुनौतियां

घर की रसोई चलाना एक बार फिर आम लोगों के लिए भारी पड़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों में अरहर दाल, खाद्य तेल, आलू और प्याज जैसी जरूरी चीजों के खुदरा दामों में भारी बढ़त देखने को मिली है। रसोई की मुख्य आधार माने जानी वाली हरी सब्जियों के तेवर भी कड़े बने हुए हैं। उपभोक्ता मामले विभाग के अनुसार, दलहन वर्ग में अरहर दाल के खुदरा भाव 124.23 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए, जो एक साल पहले 113.66 रुपये प्रति किलो थे। चना, उड़द, मूंग और मसूर दालों के खुदरा दाम में भी वृद्धि हुई है। सब्जियों के मोर्चे पर आलू का भाव पिछले साल की तुलना में कम बढ़ा है, लेकिन प्याज और टमाटर के भाव ने इस बार उपभोक्ताओं के पसीने छुड़ा दिए हैं। प्याज का औसत खुदरा मूल्य 20 सितंबर को 54.23 रुपये प्रति किलो दर्ज किया गया। यह पिछले साल समान अवधि में 25.97 रुपये प्रति किलो था। टमाटर का खुदरा भाव 39.16 रुपये प्रति किलो रहा, जो एक साल पहले 36.48 रुपये प्रति किलो था।




**महंगाई के पीछे छिपे हैं कई अहम कारण**

**कमजोर मानसून का साया...**

17 सितंबर तक बारिश में करीब 15 फीसदी तक की कमी दर्ज की गई है। मुख्य खरीफ उत्पादक क्षेत्रों में बारिश की कमी धान और तिलहन की पैदावार को कमजोर कर रहा है।

**पाम तेल पर बायोफ्यूल की मार...**

भारत अपनी सालाना वनस्पति तेल की जरूरत का 60 फीसदी हिस्सा आयात करता है, जिसमें पाम तेल की हिस्सेदारी 50-60 फीसदी है। प्रमुख निर्यातक देश इंडोनेशिया और मलेशिया घरेलू पाम तेल का एक बड़ा हिस्सा बायोफ्यूल उत्पादन की तरफ मोड़ रहे हैं, जिससे वैश्विक बाजार में पाम तेल महंगा हो गया है।

**रूस-यूक्रेन युद्ध और काला सागर का संकट**

भारत अपनी सूरजमुखी तेल की अधिकांश आपूर्ति रूस और यूक्रेन से लेता है। लेकिन युद्ध के बढ़ने और काला सागर मार्ग पर लॉजिस्टिक्स बाधाओं के कारण वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसका असर भारत में सूरजमुखी तेल के दामों पर साफ दिख रहा है।

## मीडिया जगत की सबसे बड़ी डील पर सहमति: पैरामाउंट-वार्नर मर्जर का रास्ता खुला; क्या है मामला?




**किन राज्यों ने इस डील को अदालत में चुनौती दी थी?**

कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क जैसे बड़े मनोरंजन बाजार वाले राज्यों समेत कई राज्यों ने जुलाई में इस विलय को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उनका आरोप था कि पैरामाउंट और वार्नर का एक साथ आना प्रतिस्पर्धा को खत्म कर सकता है और अमेरिकी उपभोक्ताओं के पास विकल्प कम हो सकते हैं। खास चिंता सिनेमाघरों में फिल्म देखने वालों और केबल टीवी ग्राहकों को लेकर जताई गई थी।

**यह डील इतनी बड़ी क्यों मानी जा रही है?**

पैरामाउंट और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के जुड़ने से हॉलीवुड की दो बड़ी मीडिया कंपनियों के फिल्म, टेलीविजन और स्ट्रीमिंग कारोबार एक साथ आ जाएंगे। इसी वजह से राज्यों ने प्रतिस्पर्धा पर असर को लेकर चिंता जताई थी। पैरामाउंट का कहना था कि उसने दुनिया भर में जरूरी नियामकीय मंजूरियां हासिल कर ली हैं और राज्यों का मुकदमा डील पूरी करने की दिशा में आखिरी बड़ी रुकावट था।डील की आलोचना करने वालों ने मीडिया और मनोरंजन उद्योग में और ज्यादा एकीकरण को लेकर चिंता जताई है। एसोसिएटेड प्रेस की मूल रिपोर्ट में अमेरिकन इकोनॉमिक लिबर्टीज प्रोजेक्ट के वरिष्ठ सलाहकार और पूर्व एफटीसी आयुक्त अल्वारो बेदोया ने कहा कि इस तरह के एकीकरण के बाद छंटनी और छोटे कारोबारों के अनुबंध खोने का खतरा हो सकता है।

स्काइडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने की 81 अरब डॉलर की डील को चुनौती देने वाले अमेरिकी राज्यों के साथ समझौता कर लिया है। इससे इस बड़े विलय के आगे बढ़ने की प्रमुख कानूनी बाधा दूर हुई है। राज्यों ने प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ताओं के विकल्प कम होने की आशंका जताते हुए मुकदमा किया था। समझौते में कुछ नई शर्तें शामिल हैं और इसे अंतिम रूप देने के लिए अदालत की मंजूरी जरूरी है।स्काइडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने की डील के खिलाफ मुकदमा करने वाले अमेरिकी राज्यों के साथ समझौता कर लिया है। इससे 81 अरब डॉलर की इस बड़ी मीडिया डील के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने एसोसिएटेड प्रेस को यह जानकारी दी। उस व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से बोलने की अनुमति नहीं थी, इसलिए उसने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी दी।

**क्या मुकदमा यहीं खत्म हो गया और डील को मंजूरी मिल गई?**

समझौते से डील के रास्ते की बड़ी कानूनी अड़चन दूर हुई है, लेकिन इसे अंतिम रूप देने के लिए अदालत की मंजूरी अभी जरूरी है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने भी साफ कहा कि समझौता इस विलय के समर्थन का वोट नहीं है।

## ग्लोबल सिटीज इंडेक्स: दुनिया के उभरते टॉप-100 शहरों में 55 भारतीय, छोटे शहरों का भी दबदबा



ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की 2026 ग्लोबल सिटीज इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर के उभरते शीर्ष-100 शहरों में 55 भारतीय शहर शामिल हैं। शीर्ष-50 में भी 23 भारतीय शहर हैं। 2050 तक दिल्ली दुनिया की 14वीं सबसे बड़ी शहरी अर्थव्यवस्था बन सकती है, जिसकी आर्थिक क्षमता 2 खरब डॉलर से अधिक होगी। हालांकि, जीवन की गुणवत्ता, पर्यावरण, बुनियादी ढांचे और आय असमानता के कारण कोई भारतीय शहर समग्र टॉप-250 में नहीं है।भारतीय शहर दुनिया के सबसे मजबूत शहरी विकास केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स की 2026 ग्लोबल सिटीज इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, 2050 तक दिल्ली दुनिया की 14वीं सबसे बड़ी शहरी अर्थव्यवस्था होगी जिसकी आर्थिक क्षमता 2 खरब डॉलर (191.55 लाख करोड़) से ज्यादा हो सकती है। अगले 24 वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के नए इंजन यानी उभरते शहरों की बात करें तो टॉप-100 में 55 और टॉप-50 में 23 भारतीय शहरों ने जगह बनाई है। इसमें कई छोटे शहर भी शामिल हैं। हालांकि, पांच पैमानों पर तैयार समग्र वैश्विक सूचकांक में शामिल 1000 शहरों में कोई भारतीय शहर शीर्ष 250 में नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली-मुंबई जैसे महानगर आबादी के मामले में सबसे आगे होंगे। इसमें दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, बंगलूरू, हैदराबाद और कोलकाता को विकासशील महानगर की श्रेणी में रखा गया है जबकि आगरा, अहमदाबाद, जयपुर, कोयंबटूर, पुणे, सूरत, वडोदरा, नागपुर आदि उभरते सितारे की सूची में शामिल हैं। वैश्विक सूचकांक में यूपी के सबसे ज्यादा शहर

वैश्विक सूचकांक में यूपी के सबसे ज्यादा 15 शहरों को जगह मिली है लेकिन इनमें से कोई भी शीर्ष-700 में जगह नहीं बना सका। सबसे ऊपर लखनऊ रहा। वहीं, पंजाब के तीन शहरों को जगह मिली, जबकि हिमाचल प्रदेश का कोई भी शहर इसमें जगह नहीं बना सका है। नई एआई सिटी से बढ़ेगा बंगलूरू का रुतबा

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 25 वर्षों में शहर की जनसंख्या दोगुनी से ज्यादा हो चुकी है, और 2000 से जीडीपी में औसतन करीब 10% सालाना वृद्धि दर्ज हुई है। प्रस्तावित नई एआई सिटी का भी जिक्र करते हुए कहा गया है कि शहर बीपीओ से आगे बढ़कर आरएंडडी और डीप टेक और एआई सेवाओं का केंद्र बनेगा।दिल्ली 49 पायदान चढ़ेगी ऊपर : अगले 24 वर्षों में दिल्ली 49 पायदान ऊपर चढ़ जाएगी। अभी वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष-100 से बाहर रहने वाली दिल्ली (268वां स्थान) आने वाले दशकों में सबसे तेज जीडीपी विकास दर दिखाने वाले शहरों में शुमार हो जाएगी। वर्ष 2050 तक दिल्ली और मुंबई दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाला महानगर भी बन जाएंगे।

## सोने की चमक फीकी पड़ी: दिल्ली में 200 रुपये गिरा 10 ग्राम का भाव, चांदी 5000 प्रति किलो लुढ़की; जानिए क्या वजह




**सोने-चांदी की कीमतों पर किन ताकतों का असर है?**

ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोना और चांदी प्रतिस्पर्धी ताकतों के बीच फंसे हुए हैं। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियां और बढ़ती महंगाई की चिंताएं इसका एक कारण हैं। इससे बॉन्ड प्रतिफल और अमेरिकी डॉलर मजबूत बने हुए हैं। इन कारकों ने बहुमूल्य धातुओं पर दबाव डाला है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने बहुमूल्य धातुओं की मांग को समर्थन दिया है।व्यापारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 15 पैसे की वृद्धि हुई। रुपया 95.81 पर पहुंच गया। शेयर बाजारों में लाभ ने भी बहुमूल्य धातुओं को प्रभावित किया। निवेश प्लेटफॉर्म मुद्रेक्स के लीड क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें लगातार चौथे सत्र में गिरी हैं। इस गिरावट से महंगाई का दबाव कम हुआ है। सोना लगभग 4,350 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है।गौरव गर्ग ने बताया कि डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 100 अमेरिकी डॉलर से नीचे फिसल गया। निवेशकों ने सऊदी शिपमेंट की संभावित रिकवरी का आकलन किया। इससे बाजार में आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद जगी। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी हमले और आपूर्ति में व्यवधान एक प्रमुख जोखिम बने हुए हैं।

दिल्ली में सोने के दाम 200 रुपये गिरे, जबकि चांदी 5,000 रुपये सस्ती हुई। रुपये की मजबूती, वैश्विक रुझानों में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने बहुमूल्य धातुओं पर दबाव डाला। जानें बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण।सप्ताह की शुरुआत में सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोना 200 रुपये सस्ता हो गया। यह 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक रुझानों में नरमी और रुपये की मजबूती के कारण यह गिरावट आई।शुक्रवार को 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,56,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी में भी तेज गिरावट देखी गई। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी 5,000 रुपये गिरकर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। पिछले सत्र में चांदी 2.47 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर थी।



## द बोनस मार्केट अपडेट: सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला, निफ्टी 23,350 के पार पहुंचने में सफल

भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछला और निफ्टी 23,350 के पार पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और सऊदी पाइपलाइन मरम्मत से बाजार को राहत मिली है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई।भारतीय शेयर बाजार में आज जोरदार तेजी देखने को मिली। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 400 अंक से अधिक उछलकर 74,683.98 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी भी 23,350 के स्तर को पार करते हुए 23,380.85 पर कारोबार करता दिखा। यह उछाल निवेशकों के लिए राहत लेकर आया है।बाजार में यह सकारात्मक रुख पिछले तीन सत्रों से बना हुआ है। अल्ट्राटेक और एशियन पेंट्स जैसे बड़े शेयरों में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी ने बाजार को सहारा दिया है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत में हुई प्रगति से आपूर्ति बाधित होने की चिंताएं कम हुई हैं। वैकल्पिक निर्यात मार्गों की उपलब्धता ने भी बाजार को मजबूती दी है। विश्लेषकों का मानना है कि कई कारक बाजार को आगे बढ़ा रहे हैं।




**बाजार को राहत क्यों मिली?**

भारतीय बाजारों को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से राहत मिली है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट इसका एक प्रमुख कारण है। सऊदी पाइपलाइन की मरम्मत का काम तेजी से आगे बढ़ा है। इससे तेल आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की आशंका कम हुई है। इसके अलावा, तेल निर्यात के लिए नए वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध हो गए हैं। इन सभी कारणों से बाजार में सकारात्मक माहौल बना है।

**आगे बाजार की चाल कैसी रहेगी?**

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में वृद्धि का दौर अब निवेशकों के लिए समाप्त हो गया है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में भी नरमी आई है। कच्चे तेल की नरम कीमतें और घरेलू बाजार में मजबूत तरलता बाजार को सहारा दे सकती है। इन कारणों से बाजार में सतर्कता के साथ सकारात्मक रुझान बना रह सकता है।

## नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स: आज कलाकारों को सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति कार्तिक ने जताई खुशी रणदीप ने कही यह बात




72nd National Film Awards: गुजरात के एकता नजर में आज 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कलाकारों को सम्मानित करेंगी। इस समारोह में इस साल क्या खास होगा? 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 सितंबर को गुजरात के एकता नगर में होगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कलाकारों को सम्मानित करेंगी। यह समारोह इसलिए भी खास है क्योंकि मंगलवार को इसके इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। 70 साल के इतिहास में यह समारोह दूसरी बार दिल्ली से बाहर आयोजित हो रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय पुरस्कारों की अगली शृंखला के लिए देश के बाकी राज्यों में भी इस आयोजन को लेकर जाने की कार्ययोजना पर काम कर रहा है। इससे पहले केवल एक बार यह आयोजन 1971 में चेन्नई में हुआ था। मंत्रालय के अनुसार भारतीय सिनेमा अनेकता में एकता का प्रतीक है, इसलिए इस बार एकता के प्रतीक स्थल एकता नगर, गुजरात को चुना गया है। अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। इस समारोह में शामिल होने एक्टर गुजरात पहुंच चुके हैं। मंगलवार को वह केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी देखने पहुंचे। इस मौके पर कार्तिक आर्यन ने अवॉर्ड पर खुशी जताते हुए कहा, 'मुझे 'चंदू चैंपियन' के लिए अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। मैं बेहद खुश हूं।

फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा को सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलेगा। इस पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए एक्टर ने कहा, 'यह मेरा पहला राष्ट्रीय पुरस्कार है। इन पुरस्कारों का हिस्सा बनकर मैं बहुत आभारी हूं। फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने की घोषणा मेरे लिए एक ऐसा क्षण है जिसे मैं अभी भी समझने की कोशिश कर रहा हूं। इस फिल्म ने मुझसे अब तक किए गए किसी भी काम से कहीं अधिक अपेक्षाएं रखीं' रणदीप ने आगे कहा, 'इस फिल्म की यात्रा हर मोड़ पर चुनौतियों से भरी थी, लेकिन मुझे खुशी है कि हमने इसे पूरा किया और हर चुनौती का सामना किया। और इसके बावजूद, किसी न किसी तरह हमें आगे बढ़ने की शक्ति मिलती रही। जिसे मैं अभी भी समझने की कोशिश कर रहा हूं। अधिक अपेक्षाएं रखीं'

## एडवांस बुकिंग: इस शहर को नानी की 'द पैराडाइज' का इंतजार रिलीज से पहले तोड़ा कई फिल्मों के कलेक्शन का रिकॉर्ड



The Paradise Advance Booking: 'द पैराडाइज' का माहौल दक्षिण भारत में फिल्म रिलीज होने के पहले ही बनने लगा है। फिल्म अपनी एडवांस बुकिंग मे ही तगड़ी कमाई कर रही है। जानें कितनी हुई फिल्म की एडवांस कमाई? 'द पैराडाइज' अभिनेता की बहुप्रतिक्षित फिल्म है। फिल्म का नानी को फैंस को बेसब्री से इंतजार है। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' रिलीज से पहले ही 7 करोड़ रुपये से अधिक की एडवांस बुकिंग के साथ सुर्खियों में है। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' को अपनी रिलीज से पहले ही दर्शकों से तगड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म को रिलीज होने में अभी भी 2 दिन बाकी हैं, मगर फिल्म की एडवांस बुकिंग्स करोड़ो का आंकड़ा पार कर रही है। फिल्म ने अब तक प्री बुकिंग के जरिए 7 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया है। फिल्म की अब तक 72,000 टिकट बिक चुके हैं,

- 'द पैराडाइज' 24 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मगर फिल्म की रिलीज से पहले ही यह तय हो गया है कि फिल्म की ओपनिंग से पहले दिन काफी भीड़ देखने को मिलेगी। सैकनिल्क फिल्म ने 1,029 शो के लिए लगभग 58,000 टिकट बेचे। ब्लॉक सीटों को छोड़कर कुल कमाई 1.25 करोड़ रुपये से अधिक रही। ब्लॉक सीटों को शामिल करने पर, पहले दिन की कमाई लगभग 3.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। सभी राज्यों में सबसे ज्यादा एडवांस बुकिंग हैदराबाद में देखी गई है।
- फिल्म 'द पैराडाइज' को अपनी रिलीज से 3 दिन पहले सीबीएफसी से सर्टिफिकेट मिला।
- सेंसर बोर्ड ने फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया है।

## अल्लू अर्जुन: रिलीज से पहले ही 'राका' ने रचा इतिहास एटली की फिल्म के नाम दर्ज हुआ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

Allu Arjun Atlee Movie Raaka: साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म 'राका' ने रिलीज होने से पहले ही इतिहास रच दिया है। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म के नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का दम दिखा चुके साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी फिल्म 'राका' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तभी से दर्शक इसे लेकर उत्साहित हैं। फिलहाल 'राका' को रिलीज होने में तो अभी एक साल से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन इसी बीच अल्लू अर्जुन की फिल्म ने इतिहास रच दिया है। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। सन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही साइंस-फिक्शन फिल्म 'राका' में अल्लू अर्जुन लीड रोल में नजर आएंगे। उनके साथ दीपिका पादुकोण, मृणाल ठाकुर, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगी। अब सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया है। उसमें अल्लू अर्जुन और एटली अपने हाथ में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट लिए नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में लिखा है, 'इतिहास रचा गया। ये एक ऐसी वैश्विक जीत है, जो भारतीय सिनेमा को विश्व मंच पर ले जाती है। राका' ने रियल टाइम में सबसे ज्यादा लोगों के साथ मोशन कैप्चर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर कमाल कर दिया है। इसमें एक साथ 37 कलाकारों को कैप्चर किया गया।



यह रिकॉर्ड फरवरी 2026 में फिल्म की शूटिंग के दौरान बनाया गया था और इसे आधिकारिक तौर पर 15 सितंबर को प्रमाणित किया गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के सीनियर एडजडिकेटर ने एक समारोह में लीड एक्टर अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर एटली को सर्टिफिकेट दिया। इस मौके पर फिल्म की मुख्य कास्ट और क्रू भी मौजूद थी। अल्लू अर्जुन ने भी इस कामयाबी को माना और इसे पूरी टीम के लिए गर्व का पल बताया। उन्होंने इस कारनामे को ऑफिशियल तौर पर मान्यता देने और उनकी कोशिशों का सम्मान करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का शुक्रिया अदा किया। अभिनेता ने अपने एक्स हैंडल पर एक नोट शेयर किया और लिखा, 'इस पल से सच में बहुत विनम्र महसूस कर रहा हूं।

## एवेंजर्स: 7 साल बाद फिर लौटेगी 'एंडगेम' एडवांस बुकिंग में 4.45 करोड़ का आंकड़ा पार

Avengers Endgame Encore Advance Booking: 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग से ही शानदार कमाई की है। मार्वल की सुपरहिट फिल्म 'एवेंजर्स: एंडगेम' एक बार फिर सिनेमाघरों में वापसी करने जा रही है। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के सात साल बाद मार्वल इसे 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' के नाम से दोबारा रिलीज कर रहा है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने पहले तीन दिनों की एडवांस बुकिंग में ब्लॉक सीट्स को शामिल करके 4.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। पिछले 24 घंटे में ही फिल्म की बुकिंग में करीब 1.43 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। वहीं, ब्लॉक सीट्स को हटाकर फिल्म के 12,709 टिकट 1,613 शोज के लिए बिक चुके हैं। फिल्म 25 सितंबर को रिलीज होने वाली है। खास बात यह है कि इस बार मार्वल फिल्म को सिर्फ पुरानी यादों के सहारे वापस नहीं ला रहा है। 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' में नया फुटेज और 'एवेंजर्स: डूम्सडे' की एक्सक्लूसिव झलक भी दिखाई जाएगी। यही वजह है कि फिल्म की वापसी को लेकर दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि 'एवेंजर्स: डूम्सडे' 18 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म की सबसे ज्यादा हलचल 25 सितंबर यानी ओपनिंग डे के लिए देखने को मिल रही है।



**आइमैक्स और 4DX में भी बढ़ी डिमांड**

'एवेंजर्स: एंडगेम' की एडवांस बुकिंग में प्रीमियम फॉर्मेट्स का भी बड़ा हिस्सा है। फिल्म को आइमैक्स 2D, 4DX 3D और दूसरे बड़े फॉर्मेट्स में रिलीज किया जाएगा। इंग्लिश आइमैक्स 2D ने करीब 8.07 लाख रुपये का कलेक्शन किया है, जिसके लिए 1,513 टिकट बिके हैं। वहीं, 4DX 3D ने 801 टिकटों से 4.67 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई की है। शुरुआती एडवांस बुकिंग के बाद अब फिल्म की बॉक्स ऑफिस कमाई को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

## राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार: 36 अवॉर्ड सत्यजीत रे के नाम शबाना ने भी बनाया रिकॉर्ड क्यों शुरू हुआ यह सम्मान?




National Film Awards History: आज 22 सितंबर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिलने वाले हैं, जिसकी घोषणा 18 जुलाई को की गई थी। इसमें बेहतरीन फिल्मों से लेकर एक्टर्स और कई कैटेगरीज में पुरस्कार दिए जाएंगे। ऐसे में आइए इसका इतिहास जानते हैं। हर साल जब राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा होती है, तो सिनेमा की दुनिया में एक बार फिर चर्चा शुरू हो जाती है कि किस फिल्म ने बाजी मारी, किस कलाकार को सम्मान मिला और किसके नाम नया रिकॉर्ड जुड़ा। लेकिन जिस पुरस्कार को आज भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में गिना जाता है, उसकी शुरुआत आज से 72 साल पहले एक बिल्कुल अलग रूप में हुई थी।

**कहां होगा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का समारोह?**

- सबसे पहले आपको बता दें कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 72 साल के इतिहास में पहली बार दिल्ली से बाहर गुजरात के केवड़िया में हो रहे हैं। वहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 22 सितंबर को पुरस्कार देंगी। केवड़िया का नाम बदलकर एकता नगर कर दिया गया है, जहां दुनिया की सबसे ऊंची सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति स्थापित है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की शुरुआत 1954 में हुई थी।
- साल 1953 में रिलीज हुई कुछ बेहतरीन फिल्मों को चुना गया था।
- उस समय देश के राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे और सूचना प्रसारण मंत्री बीवी केसकर थे।

शुरुआत में इसका नाम राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं, बल्कि राज्य पुरस्कार था।
भारत सरकार ने 1949 में 'फिल्म जांच समिति' बनाई थी।
समिति ने भारतीय फिल्म उद्योग की स्थिति, गुणवत्ता और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव का अध्ययन किया।
इसी समिति ने फिल्मों के लिए सरकारी स्तर पर पुरस्कार शुरू करने की सिफारिश की थी।
1949 की 'फिल्म जांच समिति' की सिफारिश के बाद भारत सरकार ने 1954 में 'स्टेट अवॉर्ड फॉर फिल्म' की शुरुआत की। पहले मुख्य रूप से तीन क्षेत्रों पर फोकस किया जाता था, जिसमें फीचर फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और बच्चों की फिल्म शामिल थी। उस दौर में आज की तरह कलाकारों को अलग-अलग सम्मान नहीं दिया जाता था।
ऐसे में सरकार ने शुरुआत में ही तय किया कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सिर्फ हिंदी सिनेमा ही नहीं, बल्कि अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों को भी जगह दी जाएगी। बाद के वर्षों में विभिन्न भाषाओं की बेहतरीन फिल्मों के लिए अलग-अलग क्षेत्रीय पुरस्कार शुरू किए गए। यही बात राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की सबसे बड़ी खासियत बनी। यह किसी एक भाषा या फिल्म इंडस्ट्री का पुरस्कार न रहकर, देशभर की अलग-अलग भाषाओं में बनने वाली फिल्मों को सम्मान देने वाला मंच बन गया। शुरुआत में सरकार का मकसद ऐसी फिल्मों को बढ़ावा देना था, जो कहानी, कला और तकनीक के मामले में अच्छी हों और जिनका समाज और संस्कृति से भी जुड़ाव हो। बाद में इस उद्देश्य को और बड़ा किया गया। ऐसी फिल्मों को प्रोत्साहित किया जाने लगा, जो देश के अलग-अलग हिस्सों की संस्कृति और जीवन को समझने में मदद करें और लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करें।
यह पहल इसलिए भी खास थी, क्योंकि भारत में कई अलग-अलग भाषाओं में फिल्में बनती हैं। धीरे-धीरे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में हिंदी के साथ बंगाली, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, असमिया और दूसरी भाषाओं की फिल्मों को भी जगह मिलने लगी। इस तरह यह पुरस्कार पूरे भारतीय सिनेमा को एक राष्ट्रीय मंच देने वाला सम्मान बन गया। पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 10 अक्टूबर 1954 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था। आज राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की खबर आते ही सबसे ज्यादा चर्चा बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस की होती है, लेकिन ये श्रेणियां शुरुआत के लगभग डेढ़ दशक बाद आईं। कलाकारों और तकनीशियनों के लिए अलग पुरस्कार 1967 की फिल्मों से शुरू किए गए।

# Aaj ka Rashifal 22 September

## मकर और कुंभ राशि वालों को मिलेगा किस्मत का साथ, आर्थिक स्थिति होगी मजबूत




**22 सितंबर 2026** का आज का राशिफल जानिए। आज ग्रहों की स्थिति आपके करियर, धन, प्रेम, परिवार और सेहत से जुड़े मामलों पर क्या असर डाल सकती है? मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर समेत सभी राशियों के लिए जानें आज का दिन कैसा रहेगा, किन मामलों में मिल सकता है फायदा और किन बातों में सावधानी जरूरी होगी। पढ़ें आज का राशिफल और जानें अपने दिन की खास भविष्यवाणी।

**आज का राशिफल, 22 सितंबर 2026:** मंगलवार का दिन सभी 12 राशियों के लिए अपने साथ अलग-अलग तरह के अवसर, चुनौतियां और बदलाव लेकर आया है। ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का असर आज आपके करियर, कारोबार, आर्थिक स्थिति, प्रेम संबंध, पारिवारिक जीवन और सेहत पर देखने को मिल सकता है। कहीं रुके हुए काम गति पकड़ सकते हैं, तो कहीं जल्दबाजी में लिया गया फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। कुछ राशि के जातकों को धन से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत मिल सकते हैं, जबकि कुछ लोगों को खर्च और निवेश के मामले में विशेष सावधानी बरतनी होगी। मेष से लेकर मीन राशि तक, आपके लिए आज का दिन क्या संदेश लेकर आया है?

### मेष

आज प्रेम आपके रिश्ते में ऐसी मिठास घोलेगा, जिसका असर पूरे दिन महसूस होगा। साथी के साथ बिताया हर पल रिश्ते को और गहरा बनाएगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव जरूर आएंगे, लेकिन आपकी समझदारी हर स्थिति को संभाल लेगी। धन से जुड़ा कोई बड़ा फैसला भविष्य में लाभ का रास्ता खोल सकता है। किसी को दिया हुआ उधार वापस मांगने का समय भी आ सकता है। बस लोगों की बातों से ज्यादा उनके इरादों को समझने की कोशिश करें, दिन काफी सुकून भरा रहेगा।

### वृषभ

आज किस्मत आपके लिए कई खूबसूरत मौके लेकर आ सकती है। व्यापार में कोई बड़ा सौदा हाथ लगने से उत्साह बढ़ेगा और आपकी मेहनत रंग लाती नजर आएगी। माता-पिता का आशीर्वाद घर या प्रॉपर्टी से जुड़े किसी बड़े सपने को पूरा करने में मदद करेगा। जिम्मेदारियों को शानदार तरीके से निभाने पर सम्मान और प्रशंसा मिलेगी। सामाजिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता आपकी पहचान को और मजबूत करेगी। लंबे समय से अटका काम पूरा होते ही मन को ऐसी राहत मिलेगी, जिसका आपको काफी समय से इंतजार था।

### मिथुन

आज आपकी प्रतिभा और रचनात्मकता लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। कार्यक्षेत्र में आपके नए विचार चर्चा का विषय बन सकते हैं और कला, लेखन या क्रिएटिव कामों में मन खूब रमेगा। घर में किसी खास मेहमान के आगमन से माहौल खुशनुमा हो जाएगा। किसी सहयोगी की बात थोड़ी परेशान कर सकती है, लेकिन धैर्य आपका सबसे बड़ा सहारा रहेगा। यात्रा के दौरान मिली कोई महत्वपूर्ण जानकारी भविष्य में बड़ा फायदा दे सकती है। विदेश में पढ़ाई का सपना देखने वालों के लिए भी उम्मीद की नई किरण नजर आ सकती है।

### कर्क

आज मन में कई विचार एक साथ उमड़ते-घुमड़ते रहेंगे, जिससे थोड़ी बेचैनी महसूस हो सकती है। खासकर पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें, क्योंकि एक छोटी सी चूक परेशानी बढ़ा सकती है। परिवार में किसी बात को लेकर बहस हो सकती है, लेकिन प्यार और बातचीत से माहौल संभल जाएगा। मां से किया कोई वादा पूरा करके मन को विशेष संतोष मिलेगा। सरकारी काम में अटका मामला आगे बढ़ सकता है। साथ ही किसी नए काम की शुरुआत को लेकर मन में उत्साह भी जागेगा।

### सिंह

आज आत्मविश्वास, जोश और ऊर्जा आपके व्यक्तित्व में साफ नजर आएगी। नौकरीपेशा लोगों को मेहनत का सम्मान और अधिकारियों से प्रशंसा मिल सकती है। निवेश के लिहाज से दिन महत्वपूर्ण रहेगा और शेयर बाजार से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर दिखाई दे सकते हैं। आप अपने काम समय पर पूरा करने में पूरी ताकत लगा देंगे। अचानक किसी पुराने दोस्त से मुलाकात बीते दिनों की खूबसूरत यादें ताजा कर देगी। परिवार के साथ बिताया समय दिलों की दूरियां कम करेगा और रिश्तों में फिर से गर्माहट आएगी।

### कन्या

आज आपकी एक छोटी सी लापरवाही बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लेना जरूरी होगा। साझेदारी के काम में विशेष सावधानी रखें और किसी भी बात पर आंख बंद करके भरोसा न करें। लंबे समय से अटका काम पूरा होने से राहत मिलेगी। सेहत को लेकर भी सतर्क रहना जरूरी है। जरूरी कागजात और दस्तावेज सुरक्षित रखें। धन या पुराने लेन-देन से जुड़ा कोई मामला सुलझने की उम्मीद है, जिससे मन का बोझ हल्का होगा।

### तुला

आज आपकी समझदारी और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता आपको कई मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाल सकती है। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते दिखाई देंगे, हालांकि धन से जुड़ा कोई मामला थोड़ी चिंता दे सकता है। अतीत की कोई गलती या छिपी बात सामने आने की संभावना है, इसलिए सावधानी से कदम बढ़ाएं। विदेश में पढ़ाई या करियर का सपना देखने वालों को नए अवसर मिल सकते हैं। दूसरों के भरोसे काम छोड़ने के बजाय खुद जिम्मेदारी संभालें। संतान की सफलता आज आपके चेहरे पर गर्व और खुशी दोनों ला सकती है।

### वृश्चिक

आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और समाज में आपकी पहचान पहले से मजबूत होती दिखाई देगी। घर में पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन की तैयारी हो सकती है। लगातार भागदौड़ और मेहनत के कारण शरीर थका हुआ महसूस करेगा, इसलिए आराम को नजरअंदाज न करें। आपका बेफिक्र अंदाज कभी-कभी परेशानी खड़ी कर सकता है, इसलिए अपनी बात और व्यवहार में संतुलन रखें। निजी बातें हर किसी से साझा करने से बचें। परिवार के सामने कोई गलती सामने आए तो अहंकार छोड़कर उसे स्वीकार करना रिश्तों को और मजबूत बनाएगा।

### धनु

आज आपके भीतर गजब का उत्साह और नई ऊर्जा दिखाई देगी। काम में मन लगेगा और किसी नई शुरुआत को लेकर दिल में उमंग बनी रहेगी। प्रेम संबंधों के लिए भी दिन भावनात्मक रूप से खास हो सकता है। स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग और व्यायाम को दिनचर्या में जगह देना फायदेमंद रहेगा। परिवार में किसी उलझन को बहस से नहीं बल्कि बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। यात्रा के दौरान मिली कोई खास जानकारी आगे चलकर आपके लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

### मकर

आज जीवन आपसे जल्दबाजी नहीं, बल्कि धैर्य और समझदारी की मांग करेगा। पुरानी स्वास्थ्य समस्या फिर परेशान कर सकती है, तो उसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं रहेगा। परिवार और काम के बीच संतुलन बनाए रखना आपके लिए जरूरी होगा। किसी भी बड़े फैसले को लेने से पहले उसके हर पहलू पर विचार करें, क्योंकि जल्दबाजी बाद में पछतावे का कारण बन सकती है। शांत दिमाग से आगे बढ़ेंगे तो परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके नियंत्रण में आती जाएंगी और मुश्किल काम भी आसान लगने लगेंगे।

### कुंभ

आज समाज में आपकी पहचान और प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं। आपके विचारों और काम की सराहना होगी, जिससे आत्मविश्वास और मजबूत होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहने से मन में संतोष बना रहेगा। प्रेम संबंधों में चल रही दूरी कम होगी और एक-दूसरे को समझने का मौका मिलेगा। हालांकि दूसरों के निजी मामलों में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करने से बचें। दिल में किसी बात को लेकर भावनाएं हैं तो उन्हें व्यक्त करने के लिए दिन खास साबित हो सकता है। भक्ति और आध्यात्मिकता की ओर मन आकर्षित होगा, हालांकि कुछ जरूरी खर्च थोड़ी चिंता दे सकते हैं।

### मीन

आज आपका स्वास्थ्य और ऊर्जा आपका पूरा साथ देंगे। आप खुद को पहले से अधिक उत्साहित और सकारात्मक महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा और रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। नौकरी में चल रही किसी परेशानी का समाधान किसी सहयोगी या जूनियर की मदद से मिल सकता है। किस्मत का साथ मिलने से कई अटके काम आसानी से पूरे होते दिखाई देंगे। मन में संतोष और शांति बनी रहेगी, जिससे दिन की शुरुआत से लेकर अंत तक सकारात्मकता का अनुभव होगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल: वृषभ और वृश्चिक राशि वालों की लव लाइफ में होगा बदलाव, पार्टनर से मिल सकता है सरप्राइज




**22 सितंबर 2026** का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कैसा रहेगा? जानें सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल। सितारों की चाल बताएगी कि प्रेम जीवन में नजदीकियां बढ़ेंगी, रिश्तों में मिठास आएगी या किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**Today Love Rashifal:** प्यार और रिश्तों के लिहाज से 22 सितंबर 2026 का दिन सभी राशियों के लिए कुछ खास संकेत लेकर आ सकता है। ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति का असर व्यक्ति के प्रेम जीवन, भावनाओं और रिश्तों में देखने को मिल सकता है। किसी राशि के जातकों के रिश्ते में नजदीकियां बढ़ सकती हैं, तो किसी को अपने पार्टनर के साथ गलतफहमियां दूर करने और खुलकर बातचीत करने का अवसर मिल सकता है।

वहीं, जो लोग अभी सिंगल हैं, उनके लिए भी आज का दिन किसी खास व्यक्ति से जुड़ने या अपनी भावनाओं को समझने का संकेत दे सकता है। अगर आप जानना चाहते हैं कि आज आपका प्रेम जीवन कैसा रहेगा, पार्टनर के साथ रिश्ते में प्यार और विश्वास बढ़ेगा या किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है, तो आज का लव राशिफल आपके लिए उपयोगी हो सकता है। जानिए 22 सितंबर 2026 को मेष से लेकर मीन राशि तक सभी 12 राशियों के प्रेम जीवन से जुड़े ज्योतिषीय संकेत।

## मंगल नक्षत्र गोचर: 24 सितंबर से इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, धन लाभ और करियर में तरक्की के संकेत




**24 सितंबर 2026** को मंगल पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और यहां 17 अक्तूबर 2026 तक रहेंगे। मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आइए जानते हैं मंगल का पुष्य नक्षत्र गोचर किन राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार मंगल देव इस समय पुनर्वसु नक्षत्र में स्थित हैं।

**24 सितंबर 2026** को मंगल पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और यहां 17 अक्तूबर 2026 तक रहेंगे। मंगल का यह नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इस दौरान कुछ जातकों को आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है, जबकि नौकरी और कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी नए अवसर बन सकते हैं। लंबे समय से रुके काम आगे बढ़ने और परेशानियों से राहत मिलने के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं मंगल का पुष्य नक्षत्र गोचर किन राशियों के लिए शुभ माना जा रहा है।

## लकी राशियां: इन राशियों के लिए खुशियों भरा रहेगा अक्तूबर-नवंबर और दिसंबर, मिलेगी मनचाही सफलता




**Predictions Till December 2026:** ज्योतिषियों के अनुसार, अक्तूबर-नवंबर और दिसंबर तक का समय कुछ राशि वालों के लिए खास रहने वाला है। जातकों को मनचाही सफलता, धन की प्राप्ति और व्यापार में विस्तार की नई योजनाएं प्राप्त होने की अधिक संभावनाएं हैं।

**Predictions Till December 2026:** साल 2026 अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है और इसके सिर्फ तीन महीने बाकी हैं। लेकिन यह समय धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहेगा। माना जा रहा है कि, जहां इन महीनों में कई बड़े त्योहारों का संयोग बनेगा, वहीं ग्रहों की चाल का भी जातकों के जीवन पर खास प्रभाव देखने को मिलेगा। ज्योतिषियों की मानें, तो अक्तूबर माह में 2026 का बड़ा गोचर होने वाला है, जब नवग्रहों के गुरु बृहस्पति का गोचर सिंह राशि में होगा। इसके अलावा राहु-केतु भी अपनी चाल बदलेंगे। वहीं, ग्रहों का नक्षत्र परिवर्तन और युति निर्माण का शुभ असर भी कई राशि वालों के लिए खास रहेगा। ऐसे में इन सभी ग्रहों की चाल के प्रभाव से कुछ राशि वालों को मनचाही सफलता, रिश्तों में प्रेम और नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। साथ ही सभी अटके काम मनचाहे तरीकों से पूर्ण होने के योग हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

## आज का अंक ज्योतिष 22 सितंबर: मूलांक 7 और 8 वालों पर बढ़ेगा काम का दबाव, जानें दिन को बेहतर बनाने के खास संकेत




**आज 22 सितंबर 2026** को अंक ज्योतिष के अनुसार आपका मूलांक आपके दिन के बारे में कई संकेत दे सकता है। जानिए मूलांक 1 से 9 तक के लिए आज का करियर, धन, प्रेम और स्वास्थ्य से जुड़ा अंक ज्योतिष भविष्यफल।

**Today Numerology Prediction:** 22 सितंबर 2026 का दिन अंक ज्योतिष के नजरिए से आपके लिए कई महत्वपूर्ण संकेत लेकर आ सकता है। अंक ज्योतिष में जन्म तारीख के आधार पर निकाला गया मूलांक व्यक्ति के स्वभाव, सोच, निर्णय लेने की क्षमता और जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े संकेतों को समझने का एक पारंपरिक तरीका माना जाता है। ऐसे में आज का दिन आपके लिए कैसा रह सकता है, किन मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत हो सकती है और किन क्षेत्रों में सकारात्मक अवसर मिल सकते हैं, यह जानने के लिए अपना मूलांक देखना उपयोगी हो सकता है। अगर आप जानना चाहते हैं कि 22 सितंबर 2026 को आपका दिन कैसा रहेगा, तो अपनी जन्म तारीख के आधार पर अपना मूलांक निकालें और नीचे दिए गए आज के अंक ज्योतिष भविष्यफल को पढ़ें।

**अंक 1**

आज आपके भीतर आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना मजबूत रहेगी। किसी महत्वपूर्ण काम की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है और दूसरे लोग आपकी सलाह या मार्गदर्शन की अपेक्षा कर सकते हैं। हालांकि, हर व्यक्ति की काम करने की गति अलग होती है, इसलिए दूसरों से बहुत ज्यादा उम्मीद रखने से बचें। आपके दिमाग में नई योजनाएं और विचार आएंगे, लेकिन उन्हें सफल बनाने के लिए धैर्य, सही रणनीति और लगातार प्रयास जरूरी होगा। छोटी बातों पर बहस करने या अपनी बात जबरदस्ती मनवाने से बचें और एक साथ बहुत सारे काम हाथ में न लें।

**शुभ अंक-5**
**शुभ रंग- क्रीम**

**अंक 2**

आज व्यवस्थित तरीके से काम करने की जरूरत महसूस होगी। ऑफिस या निजी जीवन में दस्तावेजों, समय-सीमा और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से जुड़े काम आपका ध्यान मांग सकते हैं।

# IND vs JAP Live Score:

## थोड़ी देर में शुरू हो सकता है मैच सानो में धूप खिली खिलाड़ी मैदान का ले रहे जायजा




नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत और जापान के बीच ऐतिहासिक टी20 मुकाबला कांतो के सानो इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। भारत पहली बार जापान के खिलाफ खेल रहा है। यह मुकाबला भारत और जापान के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के समारोहों की शुरुआत कर रहा है।

**IND vs JAP Live Score: निरीक्षण फिर टला, अब 10:45 बजे होगा मैदान का जायजा**

मौसम अभी भी थोड़ा बादलों वाला है और मैदान गीला बना हुआ है। ऐसे में मैच को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। अब मैदान का अगला निरीक्षण स्थानीय समयानुसार दोपहर 15 मिनट बाद यानी 10:45 बजे होगा।

**IND vs JAP Live Score: क्या आप जानते हैं?**

चार्ली हारा-हिंजे टी20 अंतरराष्ट्रीय में पांच विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के ज्ञात खिलाड़ी हैं। उन्होंने 15 साल 244 दिन की उम्र में मई 2024 में सानो में मंगोलिया के खिलाफ 5/6 का शानदार प्रदर्शन किया था।

**IND vs JAP Live Score: भारत की होगी तैयारी**

जापान के खिलाफ मुकाबला भारत के लिए एशियन गेम्स के लिए अच्छी तैयारी होगी। टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान की शुरुआत 28 सितंबर को करेगा।

**IND vs JAP Live Score: पहला निरीक्षण पूरा, अगला निरीक्षण 45 मिनट बाद**

पहला निरीक्षण पूरा हो गया है। अब अगला निरीक्षण स्थानीय समयानुसार 45 मिनट बाद यानी भारतीय समयानुसार सुबह करीब साढ़े 10 बजे होगा। मुकाबले की शुरुआत में और देरी हुई है और फिलहाल इंतजार जारी है।

**IND vs JAP Live Score: धूप खिली, पिच का निरीक्षण होगा**

खिलाड़ी मैदान पर वार्म-अप के लिए उतर चुके हैं और पांच मिनट में मैदान का निरीक्षण किया जाएगा। फिलहाल खिलाड़ी खेलने की सतह का जायजा ले रहे हैं। स्टंप्स लगाए जा चुके हैं और मौसम साफ व धूप खिली हुई नजर आ रही है।

# IND W vs SL W Live Score:

## भारतीय महिला टीम की शानदार शुरुआतशेफाली-मंधाना की तूफ़ानी बल्लेबाजी




India Women vs Sri Lanka Women, Asian Games 2026 Final Live Cricket Score Today: नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारतीय महिला टीम एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने से एक कदम दूर है। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम का सामना फाइनल में श्रीलंका से हो रहा है। अगर भारत ये मैच जीत जाता है तो एशियाड में अपने स्वर्ण पदक का बचाव कर लेगा।

**IND W vs SL W Live Score: भारत के 50 रन पूरे**

भारतीय महिला टीम ने शानदार शुरुआत की है। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ पावरप्ले में ही 50 रनों का आंकड़ा पार कर लिया है। मंधाना और शेफाली तूफानी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

**IND W vs SL W Live Score: भारत की बल्लेबाजी शुरू**

एशियन गेम्स के फाइनल में भारतीय महिला टीम की बल्लेबाजी शुरू हो गई है। भारत के लिए शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पारी की शुरुआत की है।

**IND W vs SL W Live Score: दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

भारत: स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जी. कमालिनी, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, क्रांति गौड़, श्री चरणी, नंदिनी शर्मा।

श्रीलंका: इमिशा दुलानी, चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, कविषा दिलहारी, हर्षिता समरविक्रमा, हंसिमा करुणारत्ने, कौशिनी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), काव्या काविंदी, मिताली अयोध्या, चामुदी प्रबोदा, सुगंदिका कुमारी।

**IND W vs SL W Live Score: भारत ने जीता टॉस**

भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। भारत ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है।

## वैभव सूर्यवंशी: भारत की युवा सनसनी को श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने सराहा भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया

श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या ने भारतीय बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को जमकर सराहा है। जयसूर्या ने वैभव को भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या ने भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए रविवार को उन्हें अलग तरह की प्रतिभा करार दिया। उन्होंने कहा कि इस किशोर खिलाड़ी को भारतीय प्लेइंग-11 में शामिल करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सूर्यवंशी हाल में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन टीम प्रबंधन ने पारी की शुरुआत के लिए नियमित जोड़ी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा पर ही भरोसा कायम रखा। 1996 विश्व कप में श्रीलंका के स्टार प्रदर्शनकर्ताओं में शामिल रहे जयसूर्या ने कहा, वैभव अलग तरह की प्रतिभा है। मुझे लगता है कि वह भारत का भविष्य हैं। उनके पास काफी समय है। इसलिए उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने का मौका दीजिए और वह जरूर अच्छा करेंगे। सूर्यवंशी में मिले मौकों को भुनाने की पूरी क्षमता है।मौके मिलेंगे। वह किस स्थान पर खेलेंगे, यह मैं नहीं कह सकता, यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है। लेकिन जब उन्हें मौका मिलेगा, वह उसे जरूर भुनाएंगे। इसलिए इंतजार करते हैं और देखते हैं।



## हार्दिक का बैकअप कौन: जडेजा की वापसी कितनी लंबी शमी और भुवी का क्या होगा? भारत के स्क्वॉड से मिले बड़े संकेत

भारतीय क्रिकेट टीम अगले एक महीने से ज्यादा समय में छह अलग-अलग सीरीज और टूर्नामेंट में मैदान पर उतरेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे-टी20 सीरीज, एशियन गेम्स, ईरानी कप और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबलों के लिए चुने गए स्क्वॉड से जडेजा की भूमिका, हार्दिक के बैकअप, नीतीश रेड्डी की प्राथमिकता और शमी-भुवनेश्वर के भविष्य को लेकर कई संकेत मिले हैं। भारतीय क्रिकेट का व्यस्त कार्यक्रम अगले एक महीने से ज्यादा समय तक जारी रहने वाला है। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। इसी दौरान एशियन गेम्स में भी भारतीय टीम हिस्सा लेगी। इसके अलावा ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया ए के मुकाबले भी होंगे। इन अलग-अलग प्रतियोगिताओं के लिए चुने गए स्क्वॉड पर नजर डालें तो भारतीय टीम प्रबंधन की भविष्य की योजनाओं के कई संकेत मिलते हैं। सबसे अहम सवाल रविंद्र जडेजा की वनडे टीम में वापसी, हार्दिक पांड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी की भूमिका, नमन धीर और औकिब नबी जैसे खिलाड़ियों को मौका देने और मोहम्मद शमी तथा भुवनेश्वर कुमार के भविष्य से जुड़े हैं। 27 सितंबर से तीन अक्तूबर तक होने वाली वनडे सीरीज के लिए शुभमन गिल को कप्तान और केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। भारत की वनडे टीम: शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान और विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, आकिब नबी, यशस्वी जायसवाल, नमन धीर।



## आईपीएल 2027: जहीर खान को मुख्य कोच बनाने में धोनी की रही अहम भूमिका सीएसके के प्रबंध निदेशक काशी का खुलासा



आईपीएल 2027 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने जहीर खान को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। अब सीएसके के प्रबंध निदेशक काशी विश्वनाथन ने बताया कि इस फैसले के पीछे महेंद्र सिंह धोनी की भी भूमिका थी। पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को आईपीएल 2027 के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है। टीम के प्रबंध निदेशक काशी विश्वनाथन ने बताया कि इस फैसले में दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी भी सक्रिय रूप से शामिल थे। 47 वर्षीय जहीर खान ने न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग की जगह ली है, जो 18 साल तक टीम के साथ रहने के बाद अलग हो गए थे। धोनी के अलावा, सीएसके के क्रिकेट मैनेजमेंट में रूपा गुरुनाथ और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी इस फैसले में शामिल थे।

**जहीर के अनुभव के कारण मिली जिम्मेदारी**

सीएसके के आधिकारिक बयान में जहीर की नियुक्ति का जिक्र है, लेकिन इसमें कई साल के करार का कोई उल्लेख नहीं है, जिससे पता चलता है कि यह शुरुआत में एक साल का कार्यकाल होगा। विश्वनाथन ने कहा, असल में यह फैसला टीम प्रबंधन ने लिया था। वे जहीर खान के अनुभव को देखते हुए उन्हें मुख्य कोच बनाना चाहते थे। उन्होंने आईपीएल में 100 से ज्यादा मैच खेले हैं और वे एक ऑलराउंड खिलाड़ी रहे हैं। इसलिए, उन्हें लगा कि वे टीम के लिए एक अच्छा विकल्प होंगे और हमने क्रिकेट मैनेजमेंट की बात मानी। निश्चित रूप से, जब यह फैसला लिया गया तो धोनी भी इसमें शामिल थे। उनकी सलाह के बिना हम कोई काम नहीं करते। धोनी फिटनेस की समस्याओं के कारण आईपीएल 2026 में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे। जब विश्वनाथन से एक खिलाड़ी के तौर पर धोनी के भविष्य के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'देखिए, असल में वे हमारे लिए अभी भी एक खिलाड़ी हैं। मैं बस इतना ही कह सकता हूं।' विश्वनाथन ने पुष्टि की है कि वनडे विश्व कप 2011 की विजेता टीम का हिस्सा रहे जहीर को अपना बैकरूम स्टाफ चुनने की पूरी आजादी होगी। अभी सीएसके के सपोर्ट स्टाफ में माइक हसी, श्रीधरन श्रीराम, राजीव कुमार, एरिक सिमंस और जेम्स फॉस्टर शामिल हैं। उन्होंने कहा,सपोर्ट स्टाफ का फैसला वही करेंगे।

आईपीएल करियर में 100 मुकाबले खेल चुके जहीर खान ने 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस के लिए डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशन्स और हेड ऑफ ग्लोबल डेवलपमेंट के तौर पर काम किया था। इसके बाद आईपीएल 2025 में वह लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ मेंटोर की भूमिका निभाएंगे। यह पहली बार होगा जब जहीर किसी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बनेंगे। जहीर बेल्जियम में यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में एंटवर्प एंकर्स, श्रीलंका में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में जाफना किंग्स और कनाडा में सुपर60 लीग में वैंकूवर एंकर्स के सह-मालिक भी हैं। 47 वर्षीय जहीर खान ने न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग की जगह ली है, जो 18 साल तक टीम के साथ रहने के बाद अलग हो गए थे। धोनी के अलावा, सीएसके के क्रिकेट मैनेजमेंट में रूपा गुरुनाथ और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी इस फैसले में शामिल थे। सीएसके के आधिकारिक बयान में जहीर की नियुक्ति का जिक्र है, लेकिन इसमें कई साल के करार का कोई उल्लेख नहीं है, जिससे पता चलता है कि यह शुरुआत में एक साल का कार्यकाल होगा। विश्वनाथन ने कहा, असल में यह फैसला टीम प्रबंधन ने लिया था। वे जहीर खान के अनुभव को देखते हुए उन्हें मुख्य कोच बनाना चाहते थे।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















